हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 6 जुलाई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

शिक्षा की मशाल को समाज के अंतिम छोर तक ले जाकर करना है प्रज्जवलित : चंदेल

4



## खबर संक्षेप

### इमाम हुसैन के शहादत की याद में मोहर्रम पर तकरीर आज

**जांजगीर-चांपा।** सत्य के लिये अपने पूरे परिवार के साथ शहादत देने वाले इमाम हुसैन की याद में मनाये जाने वाले मुस्लिम जमात का प्रमुख पर्व मोहर्रम रविवार 6 जुलाई को मनाया जाएगा। करबला के मैदान में इमाम हुसैन ने अपने परिवार के साथ सत्य के खातिर शहादत दी थी। उनकी याद में मुस्लिम जमात द्वारा मोहर्रम के पर्व मनाया जाता है। इस आशय की जानकारी देते हुए मदरसा ए मदनी कमेटी के अध्यक्ष रफीक सिद्धिकी के बताया कि इमाम हुसैन के शहादत दिवस के मौके पर स्थानीय मुस्लिम जमात द्वारा लंगर व शरबत वितरण नैला मस्जिद के पास व रेल्वे स्टेशन में किया जाएगा। इसी दिन रात्रि प्रवचन (तकरीर) व शाम विशेष नमाज मस्जिद में अदा की जाएगी।

### कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। उप संचालक कृषि ने बताया कि कृषि के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले किसानों को डॉक्टर खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाना है। संचालनालय कृषि रायपुर द्वारा वर्ष 2025 के लिए डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। आवेदन पत्र उप संचालक कृषि व वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र को उप संचालक कृषि व वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते है।

### वर्षा ऋतु में 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**जांजगीर-चांपा।** मछली पालन विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जिले में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्य उद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 उपधारा -2 (दो) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को ''बंद ऋतु (क्लोज सीजन)'' घोषित किया गया है। इस संबंध में मछली पालन विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि इस अवधि में जिले के सभी नदी, नाले, छोटी-बड़ी सहायक नदियों तथा उनसे जुड़े सिंचाई तालाबों और जलाशयों में केज कल्चर को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस आदेश का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के नियम-3(5) के अंतर्गत अपराध माना जाएगा, जिसमें एक वर्ष तक का कारावास या दस हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड एक साथ दिए जाने का प्रावधान है।

### बुजुर्ग से मारपीट कर फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** बुजुर्ग महिला के घर में घुसकर मारपीट करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम खोखरा का है। मिली जानकारी के अनुसार 13 जनवरी की रात 11:30 बजे खोखरा निवासी 47 वर्षीय ने रंजिश के चलते बुजुर्ग महिला के घर का दरवाजा तोड़कर डंडा लेकर भीतर घुस गया। वहां महिला को अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्का व डंडे से बेरहमी से मारपीट की। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया था। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351(2), 115(2), 331(6) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। लगातार तलाश के बाद मुखबिर की सूचना पर आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया।

### पुराने यूनिफार्म में किताबों की कमी के बीच चल रही क्लास

# स्कूल खुलने के पखवाड़े भर बाद भी पुस्तकों का टोटा, अब तक नहीं पहुंचा गणवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्कूलों के पट खुलने के पखवाडे भर बाद भी सरकारी स्कूलों में पुस्तकों की कमी बनी हुई है। वहीं गणवेश अब तक पहुंचा ही नहीं है। ऐसे में पुराने यूनिफार्म में ही पुस्तकों की कमी के बीच बच्चों की क्लास चल रही है। गौरतलब है कि राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा हर साल 16 जून से नये शिक्षा सत्रकी शुरूआत कर दी जाती है। इस बार भी इसी तिथि से स्कूलों के पट खुल गए। शासकीय स्कूलों में बच्चों को तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया गया। प्रवेश उत्सव की औपचारिकता तो निभा दी गई, लेकिन इस बार अब तक बच्चों के लिए गणवेश नहीं पहुंचा है। वहीं पुस्तकों का भी टोंटा है। जिले में 767 प्राइमरी स्कूल , 408 मिडिल स्कूल, 70 हाई स्कूल एवं 95 हायर सेकेन्ड्री स्कूल हैं। किताबें पहली से लेकर बारहवी तक के विद्यार्थियों को दी जाती है। वहीं प्राइमरी व मिडिल स्कूल के बच्चों को गणवेश दिया जाता है। अब तक जिले में गणवेश ही नहीं आया है। इधर मांग के अनुरूप पुस्तकें भी अब तक नहीं पहुंच सकी है। कई स्कूलों में तो कुछ विषय की किताब ही पहुंची हैं, जबकि अन्य विषय की किताबों का अभी भी इंतजार है। बताया जा रहा है कि संकुल को मिली किताबों की स्केनिंग कर संबंधित स्कूलों को दी जा रही हैं। स्केनिंग के कारण भी संकुल केंद्र से स्कूल तक किताब पहुंचने में देरी हो रही है। ऐसे में स्कूलों में बच्चों को शुरूआती दिनों में किताबों की कमी से जूझना पड़ रहा हैं। पुराने गणवेश में किताबों की कमी के बीच पढ़ाई करना बच्चों की मजबूरी बन गई है। बताया जा रहा है कि इस साल यूनिफाम का रंग बदला गया है। ऊपर से ही इसकी सप्लाई होनी है। यही वजह है कि गणवेश की एक भी खेप अभी तक नहीं पहुंच सकी है।



पुराने यूनिफार्म में स्कूल में पढ़ते बच्चे।

### निजी स्कूलों में पिछड़ रही पढ़ाई

निजी स्कूल संचालको को तो अब तक पुस्तकें मिली ही नहीं हैं। ऐसे में पढ़ाई पिछड़ रही है। छत्तीसगढ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ के जिला अध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने बताया कि जिले में 454 निजी स्कूल संचालित हैं। स्कूल संचालक पुराने विद्यार्थियों की किताबें मंगाकर किसी तरह व्यवस्था बनाकर काम चला रहे हैं। निजी स्कूलों के लिए किताब का वितरण बिलासपुर के डिपो से किया जाना है। जिले के स्कूलों के लिए पुस्तक वितरण की तिथि 9 और 10 जुलाई निर्धारित की गई है। किताबें लाने के बाद स्केनिंग करनी होगी। इसके लिए 7 दिन का समय दिया गया है। स्केन करने के बाद पुस्तकें बच्चों में बंटेगी। ऐसे में जुलाई का महीना इस पूरी प्रक्रिया में ही गुजर जाएगा।

### ऊपर से होती है सप्लाई

सरकारी स्कूलों की किताबें लगभग पहुंच गई हैं, कुछ जगहों पर कमी है। स्केनिंग कर किताबें बांटी जा रही हैं। गणवेश अभी नहीं आ पाया है। बताया जा रहा है कि इस बार गणवेश बदलेगा। सप्लाई ऊपर से ही होनी है।

**-अश्वनी भारद्वाज,**
जिला शिक्षा अधिकारी, जांजगीर चाम्पा

## जल संरक्षण की कवायद...



**जांजगीर-चांपा।** जल संरक्षण के लिए जिले में ट्रेंच बनाए जा रहे है। जिले में कुल 2050 कंटूर ट्रेंच का निर्माण किया जाना है। कंटूर ट्रेंच जल संरक्षण की तकनीक है, जिसमें ढलानदार भूमि पर वर्षा के जल को बहने से रोकने के लिए खाई बनाई जाती है। बलौदा क्षेत्र की पहाडियों पर इन दिनों मनरेगा से ट्रेंच का निर्माण किया जा रहा है।

# उचित मूल्य दुकान में 16 लाख के राशन सामग्री की हेराफेरी, सेल्समेन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शासकीय उचित मुल्य दुकान में लाखों की हेराफेरी करने वाले सेल्समेन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सेल्समेन ने 16 लाख से अधिक के चावल और नमक की हेराफेरी की थी। मामला बिर्रा रोड चांपा के पीडीएस दुकान का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार विकास खण्ड बम्हनीडीह अंतर्गत शासकीय उचित मुल्य दुकान बिर्रा रोड चाम्पा का संचालन सहकारी विपणन एवं प्रक्रिया संस्था मर्यादित चाम्पा के विक्रेता सोहन यादव के द्वारा किया जाता था। सेल्समेन द्वारा चावल व नमक की हेराफेरी की गई। विक्रेता द्वारा 16 लाख 91 हजार 588 रुपए के सामग्री की हेरफेरी कर राशि का गबन किया गया। शिकवा शिकायत के बाद हुई जांच के पश्चात मामले की रिपोर्ट चांपा थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने 4 मई को आरोपी सेल्समेन जगदल्ला चांपा निवासी 53 वर्षीय सोहन यादव के विरूद्ध थाना चाम्पा में धारा 318(4),316 (5) बीएनएस 3.7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत अपराध पंजीबद्ध विवेचना में लिया। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी को पकड़ा और पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर 5 जुलाई को न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी चाम्पा निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता एव थाना चाम्पा स्टाफ का योगदान रहा।



# तुस्मा-खैरताल मार्ग बदहाल कीचड़ से गुजरने की मजबूरी



तुस्मा खैरताल की जर्जर सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम तुस्मा से खैरताल को जोड़ने वाली प्रमुख संपर्क मार्ग की हालत इन दिनों अत्यंत दयनीय हो गई है। यह सड़क अब खड्डों और गड्ढों में तब्दील हो चुकी है,जिससे ग्रामीणों और राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इस मार्ग का उपयोग रोजाना सैकड़ों ग्रामीण करते हैं, जो कृषि, शिक्षा,स्वास्थ्य और व्यापार के लिए खैरताल और आसपास के क्षेत्रों में आते-जाते हैं। लेकिन सड़क की जर्जर स्थिति के कारण न केवल लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है,बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना हुआ है। ग्राम वासियों का कहना है कि इस मार्ग की मरम्मत और निर्माण को लेकर कई बार जिला प्रशासन और संबंधित विभाग को पत्राचार किया गया है। जनप्रतिनिधियों को भी बार-बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। इस रास्ते को लेकर बच्चे स्कूल जाने में डरते हैं,मरीजों को अस्पताल ले जाने में दिक्कत होती है और व्यापारियों को अपने माल की ढुलाई में नुकसान हो रहा है। इस पूरे मसले पर जब पीडब्लयूडी विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया गया,तो उन्होंने बजट की कमी और प्रक्रियागत अड़चनों का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही मार्ग की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया,तो वे सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

### 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** डभरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 5 जुलाई को 15 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटर साइकिल से महुआ शराब रखकर ग्राम ओडेकेरा की ओर से सिंघितराई होते ग्राम कूधरी जा रहा है। सुचना पर ग्राम सिंघितराई मे घेराबंदी कर आरोपी जयकिशन खूंटे पिता समारू राम उम्र 31वर्ष को 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ पकड़ा गया। शराब के साथ ही परिवहन करने मे प्रयुक्त मोटर साइकिल को जब्त करते हुए आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# पुलिस थाना बिर्रा का जर्जर भवन दे रहा हादसों को न्यौता

पहरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

पुलिस थाना बिर्रा का भवन जर्जर हो चुका है। जगह जगह से छत का प्लास्टर उखड़कर गिर रहा है। वहीं दीवारों में सीलन आ गई है। बरसात में हर ओर पानी टपक रहा है। ऐसे में शार्ट सर्किट व अन्य हादसों का खतरा बना हुआ है।

गौरतलब है कि बम्हनीडीह जनपद पंचायत के सबसे बडे ग्राम पंचायत बिर्रा में सालों पहले पुलिस थाना की स्थापना की गई है ताकि आम जनता की जाननमाल की सुरक्षा हो सके। जनता की रक्षा की ज़िम्मेदारी पुलिस के कंधो पर है, लेकिन पुलिस थाना बिर्रा अपनी बदहाली पर आसू बहा रहा है। समय के साथ भवन जर्जर हो चुका है। बरसात में कमरा में जगह जगह पर प्लास्टर गिर रहे हैं और हल्की बारिश होने पर छत से पानी टपक रहा है। कोई भी कमरा सुरक्षित नहीं है। दीवार में भी सीपेज होने लगा है। आए दिन कही ना कही का प्लास्टर गिर रहा है। हाल ही में एक कमरे में पुलिसकर्मी काम कर रहे थे इसी बीच छत का प्लास्टर गिर गया। भवन खस्ताहाल होने के कारण पुलिस भी जान जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं। बारिश का पानी छत से टपक रहा है। ऐसे में दस्तावेज भी खराब होने का अंदेशा बना रहता है। ज्यादा बारिश होने पर कमरा में पानी टपकने लगता है पानी रिसाव के कारण कमरा में पानी भर जाता है। वहीं हल्की बारिश से किसी तरह तो काम कर लिया जाता है परन्तु अगर ज्यादा बारिश होने पर पुलिस वाले को थाना में बैठकर कार्य करना आसान नहीं है वहीं जान का खतरा बना रहता है। बारिश होने पर बिजली कनेक्शन में शार्ट सर्किट होना स्वाभाविक है।

### खास बात

- दीवारों में सीलन से बरसात में बना रहता है शार्ट सर्किट का खतरा



भवन के छत का उखड़ा प्लास्टर।

# घर के सामने खड़ी मेटाडोर को किया पार, पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

घर के सामने खड़ी मेटाडोर की चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम नवागांव का है। आरोपी पहले भी ट्रैक्टर चोरी के मामले में जेल जा चुका है।

इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 4 जुलाई को बलौदा निवासी विकास अग्रवाल ने 5 जुलाई को थाना बलौदा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीते रात्रि अपने घर के सामने मेटाडोर वहान एलपीटी क्रमांक सीजी 10 जेड को खड़ा किया था। अगले दिन सुबह उठकर देखा तो वाहन गायब था। खोजबीन करने के बाद भी वाहन का पता नहीं चल पाया। सूचना रिपोर्ट पर थाना बलौदा में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त वाहन मेटाडोर को नवगंवा की ओर ले जाते हुए देखा गया है। जिसके बाद बलौदा पुलिस ने नवगंवा हटरी चौक के पास घेराबंदी कर रमेश कुमार गोंड निवासी बेलंदियाडीह को चोरी के मेटाडोर के साथ पकड़ा। आरोपी के कब्जे से चोरी किये मेटाडोर वाहन को बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



जब्त मेटाडोर के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### जगह-जगह निकली बहुड़ा यात्रा, रथ खींचकर श्रद्धालुओं ने लिया पुण्य

# नौ दिनों तक मौसी के घर विश्राम करने के बाद घर लौटे भगवान जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नौ दिनों तक मौसी के घर में विश्राम करने के बाद शनिवार 5 जुलाई को बहुड़ा यात्रा के माध्यम से भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र की घर (मंदिर) वापसी हुई। जगह जगह पर बहुड़ा यात्रा निकाली गई। भक्तों ने भगवान जगन्नाथ का रथ खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

नगर समेत जिले भर में जगह जगह पर शुक्रवार 27 जून को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा परंपरानुसार धूमधाम से भक्ति पूर्वक निकाली गई थी। नौ दिनों तक मौसी के घर विश्राम करने के बाद 5 जुलाई को दशमी के दिन बहुड़ा यात्रा के माध्यम से भगवान की घर वापसी हुई। चांपा नगर में रथ यात्रा व बहुड़ा यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी को मालपुए, गजमूंग तथा श्रीफल का प्रसाद अर्पित किये जाने की परंपरा है। भक्तिभाव के साथ श्रद्धालुओं ने रथ खींचकर भगवान जगन्नाथ को वापस घर (मंदिर) पहुंचाया। गाजे बाजे के साथ झूमते हुए श्रद्धालुओं ने नगर का भ्रमण किया।



नवागढ़ में निकली बहुड़ा यात्रा।

### देवशयनी एकादशी आज, मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम

देवशयनी एकादशी 6 जुलाई को विशाखा नक्षत्र एवं साध्य योग के शुभ संयोग में मनाया जाएगा। आषाढ मास के शुक्ल पक्ष के एकादशी को देवशयनी एकादशी कहते है। मान्यता है कि देवशयनी एकादशी के देवता विश्राम पर चले जाते है। ऐसे में देवउठनी एकादशी तक मांगलिक कार्यो पर विराम लग जाएगा। इस दौरान शादी और अन्य शुभ कार्य पर विराम रहेगा। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पुजारी पं. किरण मिश्रा का कहना है कि देवशयनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पुजा करना अत्यन्त लाभकारी होगा । इस दिवस धर में सत्यनारायण की कथा अवस्य करना चाहिऐ पुजा का सबसे उत्तम मुहुंर्त 10 बजकर 26 मिनट से 12 बजकर 6 मिनट तक है। यह एकादशी पुन्यदायी स्वर्ग एवं मोक्ष प्रदान करने वाली है। पुराणों के अनुसार भगवान विष्णु देवशयनी एकादशी के रात से चार माह के लिए योग निद्रा में शयन करते है। देवशायनी एकादशी से कार्तिक शुक्ल देव उठनी एकादशी तक मनुष्य को धर्म के अनुसार आचरण करते हुऐ प्रतिदिन दीपदान करना चाहिए। इन चौमासा में विवाह , गृह आरंभ , गृह प्रवेश , मंगल कार्य पर विराम लग जाता है। देव उठनी एकादशी से मांगलिक कार्य प्रारभ होगा। देव शयनी एकादशी के पावन अवसर पर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर में भजन , कीर्तन , राम चरित मानस गायन किया जाएगा ।

# शादी का झांसा देकर अनाचार करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

शादी करने का झांसा देकर अनाचार करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सारागांव थाना अंतर्गत ग्राम कमरीद का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कमरीद निवासी विरेन्द्र हंसराज ऊर्फ सोनू उम्र 28 वर्ष ने एक महिला को शादी का झांसा देकर अनाचार किया। पीड़िता शादी करने के लिए बोली तो आरोपी द्वारा टाल मटोल करने लगा। रिपोर्ट पर 4 जुलाई को आरोपी के विरुद्ध थाना सारागांव में धारा 376 (2) (एन) भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सारागांव पुलिस ने आरोपी विरेन्द्र हंसराज निवासी कमरीद भाठापारा थाना सारागांव को पकड़ा। जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ की गई। जिसके उपरांत विरेन्द्र ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सारागांव निरीक्षक सावन कुमार सारथी एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा।



## खबर संक्षेप

### पं.प्रदीप मिश्रा की कथा अब इंदिरा स्टेडियम में 12 से



**कोरबा।** जिके के सभी शिव भक्तों को सूचित किया गया है कि श्री शिव महापुराण कथा का स्थान परिवर्तन किया गया है। अत्यधिक वर्षा के कारण चयनित कथा स्थल खैरभवना कनबेरी मैदान तक वाहनों को आने-जाने में भारी परेशानी की वजह से आनन-फानन में स्थान परिवर्तन का निर्णय लेना पड़ा। प्रशासन के सहयोग से कोरबा के हृदय स्थल इंदिरा स्टेडियम में 12 से 18 जुलाई सावन के पवित्र महीने मे पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले के मुखारविंद से श्री महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा पूर्व निर्धारित समय अनुसार ही दोपहर 1 बजे से संध्या 4 बजे तक होगी। सभी कथा प्रेमी शिव भक्तों से आग्रह किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण करेंगे। श्री महाकाल भक्त मंडल कोरबा के सचिव राजेंद्र तारक ने कहा कि कथा की पूरी तैयारी खैरभवना मैदान में चल रही थी, किंतु भारी बारिश के कारण प्रकृति के सामने नतमस्तक होना पड़ा। उन्होंने सभी से निवेदन किया कि पूर्व की भांति ही समिति को सहयोग प्रदान कर इस महायज्ञ को सफल बनाने में अपनी योगदान दें।

### श्री1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान का द्वितीय दिवस का पूजन संपन्न



**कोरबा।** बुधवारी बाजार स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में जैन मिलन समिति द्वारा अष्टान्हिका महापर्व के शुभ अवसर पर आयोजित श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का द्वितीय दिवस का पूजन विधान संपन्न हुआ। श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का कार्यक्रम आर्यिका श्री 105 आदर्श मति माताजी की संघस्थ आर्यिका श्री 105अखंडमति माताजी, आर्यिका श्री 105 अभेदमति माताजी एवं आर्यिका श्री 105 ध्यानमति माताजी के सानिध्य में किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ दुर्ग से पधारे विधानाचार्य ब्रह्मचारी भैया श्री अंकित जैन द्वारा गीत, संगीत भजन के साथ संगीतकार अंशुल जैन एवं म्यूजिकल ग्रुप सागर द्वारा बेहतरीन तरीके से श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा एवं श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का पूजन कराया गया ।तत्पश्चात विधि विधान पूर्वक श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल पूजन विधान किया गया।

### फीस वृद्धि का निर्णय लिया वापस, नए फार्मासिस्टों को स्वास्थ्य विभाग ने दी राहत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के द्वारा 8 मई को आयोजित आम सभा में नए पंजीयन एवं नवीनीकरण सहित अन्य फीस को बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। इस निर्णय को 1 जून से लागू कर दिया गया था। फीस वृद्धि के बाद राज्य के विभिन्न फार्मासिस्ट संगठन तथा दवा व्यापारी संगठनों ने फीस वृद्धि पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया था। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी युवाओं और व्यापारी वर्ग के हितों का ध्यान रखते हुए फीस वृद्धि को लेकर काउंसिल के सदस्यों को सुझाव दिया था। बढ़ी हुई फीस पर पुनर्विचार के लिए बुधवार 2 जुलाई को काउंसिल का विशेष सम्मेलन नवीन विश्राम गृह रायपुर में आयोजित किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने बढ़ी हुई फीस पर विभिन्न बिन्दुओं पर पुनर्विचार किया और अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि फीस में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जाएगी। यह भी निर्णय लिया गया कि केवल कोविड महामारी काल में घटाए गए पंजीयन नवीनीकरण शुल्क को 300 रूपये के स्थान पर पुनः 500 रूपये किया जाए। इस तरह पूर्व में लागू फीस ही याथावत रहेगी। इसके साथ ही 1 जून से जिनसे भी बढ़ी फीस को लिया गया है। उन फार्मासिस्टों को अतिरिक्त फीस को वापस किये जाने का निर्णय लिया गया है।

## वीआईपी रोड पर गुरुवार की देर रात की घटना

# जो सामने आया उस पर चढ़ा दी कार, 2 की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के वीआईपी रोड पर गुरुवार की रात उस समय अफरातफरी मच गई थी जब नशे में धुत एक युवक ने एक एककर कुल 5 लोगों पर कार चढ़ा दी। इस भयावह हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है जबकि 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले कार चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेंगुरनाला कोहड़िया निवासी राहुल यादव पिता स्व. संगीत कुमार यादव सीएसईबी में अनुकंपा में नौकरी करता है। बताया जाता है कि राहुल यादव अपनी कार क्रमांक सीजी 12 बीई 2806 में गुरुवार की रात लगभग 10 बजे आईटीआई चौक से बुधवारी बाजार की ओर जा रहा था। कार चालक राहुल ने कार से पहले इंदिरा चौक दोपहिया वाहन में सवार मोहम्मद इजराइल को टक्कर मारी, भागने के दौरान मौके पर सायकल सवार छोटे लाल साहनी को रौंद दिया। हादसे के बाद कार चालक ने हिट एंड रन का प्रयास किया, यहां के लोगों ने उसे रोका तो वह कार भगाते हुए निकल गया। कार लहराकर पार्षद मुकेश राठौर के घर से पहले दूसरे साइड गई जहां एक साइकिल सवार को भी रौंद दिया। इसके बाद तेज रफ्तार से कार दौड़ाते हुए आगे बढ़ा तो सरस्वती शिशु मंदिर से आगे सीएसईबी के डिपो के निकट एक अन्य मोटरसाइकिल सवार को विपरीत दिशा में जाकर चपेट में लिया और यहां से करीब 100 मीटर दूर तक मोटरसाइकिल को फंसी हालत में घसीटते हुए ले गया। हादसे के बाद अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस के आला अधिकारी सहित पुलिस की अलग अलग पार्टी तत्काल मौके पर पहुंचीं और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान पथर्रीपारा निवासी मोहमद इजराइल उम्र 75 वर्ष पिता मो. सुलेमान व आईटीआई रामपुर निवासी छोटेलाल साहनी उम्र 37 वर्ष पिता झुरूलाल साहनी की मौत हो गई। जबकि डूमरडीह निवासी रवि कंवर उम्र 35 वर्ष पिता जगत राम कंवर के सिर में गंभीर चोट आयी है जिसे बिलासपुर स्थित अपोलो अस्पताल में दाखिल कराया गया है। रवि कंवर डीएसपीएम संयंत्र में सुरक्षा गार्ड के पद पर पदस्थ है जो रात को अपने घर जा रहा था एवं डिंगापुर निवासी विशाल बड़ा उम्र 21 वर्ष पिता स्व केशराम बड़ा सहित एक अन्य घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी कार चालक राहुल यादव के खिलाफ धारा 110, 105 बीएनएस एवं 184 एमव्ही एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

**आरोपी युवक की जमकर हुई धुनाई-** जब बुधवारी के पास उसकी गाड़ी रुकी तो भारी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और चालक को कार से बाहर निकाल कर मौके पर मौजूद लोगों ने जमकर धुनाई कर दी। बीच बचाओ करने पहुंची सीएसईबी चौकी पुलिस कोतवाली पुलिस और सिविल लाइन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां किसी तरह आरोपी को हमलावर युवकों के कब्जे से बाहर निकाला गया और पुलिस की गाड़ी में किसी तरह उसे भेजा गया। घटना के बाद पुलिस ने उसे मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां उसका उपचार हुआ और शुक्रवार की देर शाम को उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।

## आरोपी चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज



दुर्घटनाग्रस्त कार जिसमें फंसी है मोटर सायकल।



घटना के बाद वीआईपी रोड में आक्रोशित भीड़ को रोकती पुलिस।



कार ने एक्सल व सायकल को मारी थी ठोकर।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी कार चालक।

# कृषि यंत्र सेवा केंद्र हुए बंद, नहीं मिल रहे किसानों को उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में आर्थिक रुप से एवं संसाधन विहिन किसानों के सुविधा के लिए शुरु किए गए कृषि यंत्र सेवा केंद्र एवं कॉल सेंटर बंद होने के कारण किसानों को किराये में कृषि उपकरण नहीं मिल पा रहे हैं और न ही कॉल सेंटर से खेती से संबंधित समस्याओं का निराकरण हो पा रहा है। दोनों ही योजनाओं से किसान खेती के मौसम में वंचित बने हुए हैं।

ग्रामीण अंचलों में ऐसे बहुत से किसान हैं जिनके पास कृषि उपकरण जैसे आवश्यक संसाधनों का आभाव रहता है। ऐसे किसानों को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि यंत्र सेवा केंद्र सभी विकासखंड मुख्यालय में शुरु किए गए थे। इसके लिए स्वयं सेवी संस्थाओं से कृषि यांत्रिकी विभाग के द्वारा आवेदन मांगे गए थे। कुछ व्यक्तिगत किसानों ने भी कृषि यंत्र सेवा केंद्र के लिए आवेदन दिए थे। इनमें से स्वयं सेवी संस्थाओं के आवेदनों पर कृषि यांत्रिकी विभाग के द्वारा अनुमोदन करते हुए स्वयं सेवी संस्थाओं को कृषि यंत्र सेवा केंद्र खोलने हेतु अनुमति प्रदान की थी। स्वयं सेवी संस्थाओं ने शुरुआत में कृषि यंत्र सेवा केंद्र खोलने में रुचि दिखाते हुए सभी तरह के उपकरण रखने के साथ कीटनाशक दवाईयां उपलब्ध कराने की सुविधा दी गई थी। इनमें कृषि उपकरण किसानों को प्रतिदिन की दर से किराये में दिए जाते थे। इसका लाभ भी किसानों ने लिया। दो वर्ष चलने के बाद अब कृषि यंत्र सेवा केंद्र बंद पड़े हैं। स्वयं सेवी संस्थाओं ने आर्थिक समस्या का हवाला देकर केंद्रों का संचालन बंद कर दिया है।



फाइल फोटो

### कॉल सेंटर भी हुए पूरी तरह बंद

कृषि से संबंधित जानकारी के लिए किसानों के लिए जिला मुख्यालय के साथ ब्लॉक मुख्यालय में भी कॉल सेंटर शुरु किए गए थे। इसके लिए किसानों को एक नंबर जारी किया गया था। किसान अपने क्षेत्र से उक्त नंबर पर कॉल कर खेती से संबंधित समस्याओं की जानकारी देकर उनका निराकरण प्राप्त कर लेते हैं। किंतु वह भी पिछले एक वर्ष से बंद पड़े हुए हैं। कृषि विभाग के उपसंचालक के मुताबिक काल सेंटर से अब किसी तरह के काम नहीं हो रहे हैं।

### कृषि यांत्रिकी विभाग करता है निगरानी

ग्रामीण अंचलों में कृषि यंत्र सेवा केंद्र खोलने के लिए कृषि यांत्रिकी विभाग से अनुमति दी जाती है। उसके द्वारा ही इसकी मॉनिटरिंग की जाती है। वर्तमान में कृषि यंत्र सेवा केंद्र बंद हैं।

**- डीपीएस कंवर,** उप संचालक कृषि

### चालक के साथ मारपीट कर कार और मोबाइल ले भागे

**कोरबा।** जांजगीर जिले से बुकिंग में कार लेकर कुछ युवक बांगो थाना क्षेत्र पहुंचे थे। इसी दौरान जंगल के बीच कार चालक को बहाना बनाकर वाहन रोकने को कहा और कार चालक के साथ मारपीट की घटना को अंजाम देते हुए मोबाइल व कार को लूटकर मौके से फरार हो गए। लूटपाट के शिकार कार चालक की शिकायत पर बांगो पुलिस ने अज्ञात लूटेरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिले जांजगीर-चांपा में निवासरत अमन नामक युवक पेशे से कार चालक है। शुक्रवार की सुबह चांपा स्थित टैक्सी स्टैंड में चार युवक पहुंचे थे जहां उन्होंने अमन से कोरबा चलने के लिए गाड़ी का सौदा किया था। जिसके बाद चारों युवकों को कार में लेकर अमन कोरबा के लिए रवाना हुआ था। जहां चारों युवकों ने कार चालक अमन से बांगो चलने के लिए कहा और बांगो मार्ग में पहुंचने के बाद बरपाली के समीप पहुंचते ही चारों युवकों ने कार चालक अमन को गाड़ी रोकने के लिए कहा और जैसे ही जंगल के बीचो-बीच पहुंचते ही अमन ने गाड़ी रोकी चारों युवकों ने उसके साथ मारपीट करना शुरु कर दिया। मारपीट के बाद चारों युवकों ने कार चालक अमन से मोबाइल व कार छीनकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद अमन को कुछ समय तक समझ ही नहीं आया कि उसके साथ हुआ क्या है आखिरकार वह बांगो थाने पहुंचा और मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर लूट की घटना को अंजाम देने वाले युवकों की तलाश शुरु कर दी है।

## वर्षा के दौरान नाले व नालियों में जल निकासी पर नजर रखने दिए निर्देश

# जलभराव क्षेत्रों का आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त ने बारिश के बीच कोरबा शहर की विभिन्न निचली बस्तियों, जलभराव वाले क्षेत्रों का मैराथन दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्षा के दौरान जल ठहराव की स्थिति पर सजग नजर रखें, सतत मानीटरिंग करते हुए यह सुनिश्चित कराएं कि नाले नालियों से होने वाले जलप्रवाह पर केई अवरोध पैदा न हों, जहॉं भी जल ठहराव की स्थिति निर्मित होती है, तत्काल जल निकासी कराएं।

उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में स्थापित कराए गए शेल्टर केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें एवं आवश्यकता पड़ने पर जलभराव से प्रभावित परिवारों को शेल्टर केन्द्रों में सुरक्षित पहुंचाने की त्रुटिरहित व्यवस्था बनाए रखें। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने शुक्रवार को रिमझिम बारिश के बीच अधिकारियों की टीम के साथ शहर के विभिन्न निचले क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने चिमनीभट्टा, अमरैयापारा, रविशंकर नगर, परशुराम नगर, शारदा विहार, मानिकपुर सहित अन्य बस्तियों का भ्रमण करते हुए वहां पर स्थित नालों के जल प्रवाह का जायजा लिया। उन्होंने जल प्रवाह के अवरोधों को तत्काल दूर करने, नाले-नालियों पर सतत नजर रखनें व जल निकासी निर्वाध बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम त्वरित रूप से उठाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगम द्वारा क्षेत्र में मुख्य बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के लिए शेल्टर केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें प्रभावित क्षेत्रवार प्राथमिक शाला सीतामणी, पूर्व माध्यमिक शाला सीतमाणी, पूर्व माध्यमिक शाला मिशन रोड, प्राथ माध्य शाला आजाक रानी गेट के पास, प्राथ शाला लालघाट, अंबेडकर स्कूल, प्राथ शाला जोगियाडेरा, कबीर भवन, सुमेधा स्कूल, एसईसीएल स्कूल, शास प्राथ शाला प्रेमनगर को सेल्टर केन्द्र बनाया गया है। इसके अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम को मुख्य सेल्टर केन्द्र के रूप में उपयोग किया जा सकेगा।

निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से चर्चा करते हुए शेल्टर केन्द्रों की व्यवस्थाओं की पुनः समीक्षा की एवं केन्द्रों में व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान निगम क्षेत्र में कहीं भी जलभराव की स्थितियां न रहें, इसके लिए आवश्यक परीक्षण कर नाले व नालियों के निर्माण व विस्तार के कार्यो के प्रस्ताव तैयार कराएं।



वार्डों का निरीक्षण करते निगम आयुक्त एवं अन्य अधिकारी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**शिवरीनारायण,**
**जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक/382/तह०/वाचक / 2025
शिवरीनारायण, दिनांक 02/07/2025

बेनीराम उम्र 85 वर्ष पिता स्व. मंगलू, जात्ति सतनामी, निवासी ग्राम-कटौद, थाना नवागढ़, तहसील शिवरीनारायण, जिला- जांजगीर चाम्पा, छ.ग.......... आवेदक **बनाम** रोहित कुमार उम्र 47 वर्ष पिता स्व. रूपराय, जाति सतनामी. निवासी ग्राम कटौद, थाना नवागढ़, तहसील शिवरीनारायण, जिला- जांजगीर चाम्पा, छ.ग...... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बेनीराम पिता स्व. मंगलू, जाति सतनामी, निवासी ग्राम कटौद, थाना नवागढ़, तहसील शिवरीनारायण, जिला-जांजगीर चाम्पा, छ.ग. द्वारा मौजा ग्राम कटौद, तहसील शिवरीनारायण, जिला-जांजगीर चाम्पा, छ.ग. अवस्थित भूमि ख.नं. 1161/1, 1547/2, 2790/1 रकबा क्रमशः 0.4250, 0.0080, 0.2430 हेक्टेयर कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.6760 हेक्टेयर भूमि का त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः इस ईश्तहार के माध्यम से सर्वसाधारण एवं अनावेदक को सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में सुनवाई तिथि 16-07-2025 को स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन शील मुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**शिवरीनारायण, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
24/7
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रूकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थायरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

कोर्स स्पॉट काउंसलिंग
•DMLT- डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
•MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
•EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
•OT टेक्नीशियन
•डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजरपोस्ट
•ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन असिस्टेंस
•ड्रेसर •डिप्लोमा इन डेंटल असिस्टेंस
APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10वीं एवं 12वीं के छात्रों के लिए नर्सिंग में एक/द्वि वर्षीय कोर्स
100% नौकरी में सहयोगी पाठ्यक्रम
योग्यता 10वीं एवं 12वीं
सीमित सीट उपलब्ध
अस्पतालों या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियों के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
रजनीश बुक डिपो सामने, केरा रोड, तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) मो. 8770638375, 9399743304

## खबर संक्षेप

### 14 जुलाई तक मंगाए गए दावा आपत्ति

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण के द्वारा आँगनबाड़ी केन्द्र कछार क्र. 01 ग्राम पंचायत कछार में आँगनबाड़ी सहायिका के एक पद के लिए गत दिवस आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। मूल्यांकन समिति की बैठक में प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण पश्चात प्राविधिक अंतिम मूल्यांकन पत्रक परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। आवेदिकाओं से प्राप्त आवेदन पत्र के मूल्यांकन के संबंध में कार्यालयीन स्तर से किसी प्रकार की लिपिकीय त्रुटि हुई है तो अपना दावा आपत्ति परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण के कार्यालय में 14 जुलाई तक सायं 5.30 बजे तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा मान्य नहीं किया जाएगा।

### बैंक खाते को आधार से लिंक कराना अनिवार्य

**रायगढ़।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कॉलेज स्तर में छात्रवृत्ति भुगतान आधार सीडिंग बैंक खाता में किया जा रहा है। अतः ऐसे विद्यार्थी जिनका आधार सीडिंग इनएक्टिव होने के कारण अथवा बैंक खाता गलत होने बैंक खाता बंद होने के कारण छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं हुआ हो तो अपने स्टूडेंट आई डी से त्रुटि सुधार करते हुए आधार सीडिंग किए हुए सही बैंक खाता की एंट्री 7 दिवस में करना सुनिश्चित करें। निर्धारित समयावधि में त्रुटि सुधार नहीं किए जाने पर छात्रवृत्ति नहीं मिलने की स्थिति में समस्त जवाबदारी संबंधित विद्यार्थी की होगी। किसी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित विद्यार्थी अपनी अध्ययनरत संस्था के छात्रवृत्ति प्रभारी अथवा कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ कलेक्टर परिसर छात्रवृत्ति शाखा अथवा छात्रवृत्ति पोर्टल में दर्ज मोबाईल नंबर पर कार्यालयीन समयावधि में संपर्क कर सकते है।

### बाल कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह

**कटेली।** बच्चों में नेतृत्व क्षमता विकास एवं संगठनात्मक कार्य अनुभव और स्वयं निर्णय लेने का अवसर प्रदान करते हुए शा प्राथमिक शाला परसकोल संकुल. परसदा बड़े, विकासखंड सारंगढ़, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में बाल कैबिनेट का गठन कर शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। बाल कैबिनेट का गठन शिक्षक चूड़ामणि साहू, विनोद कुमार साहू एवं शिक्षिका तुलसी साहू के मार्गदर्शन में किया गया। उक्त समारोह में कीर्तन साहू कक्षा आठवीं ने शाला संरक्षक, अंजू साहू कक्षा आठवीं ने प्रधानमंत्री एवं किशन साहू उप प्रधानमंत्री, धनेश्वरी साहू सांस्कृतिक मंत्री, ऋषि साहू खेल मंत्री, जयशिवा कानून मंत्री, शबनम वारे उपकानूनमंत्री, गरिमा नवरंगे शिक्षामंत्री, प्रभा स्वास्थ्य मंत्री, कुशल उप स्वास्थ्य मंत्री, कुमारी हरीमती खाद्य मंत्री, कुमारी दिव्या उपखाद्य मंत्री, कुमारी भूमिका स्वच्छता मंत्री, कुमारी कुमारी जीवका बागवानी मंत्री, मयंक सूचना मंत्री के पद पर इन सभी बच्चों को ग्राम पंचायत परसकोल के सरपंच चंद्रशेखर चंदन पटेल के द्वारा पदीय कर्त्तव्य का निष्ठा पूर्वक पालन हेतु शपथ दिलाया गया।

### शहर में सालों से छात्राओं को छात्रावास तक नसीब नहीं

# इस साल भी किराए के भवन में करेंगी गुजारा, खंडहर में तब्दील कन्या छात्रावास





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जिला के मुख्यालय रायगढ़ शहर में छात्राओं को बीते कई सालों से छात्रावास तक नसीब नहीं हो पा रहा है। जिससे दूर-दराज से आकर शिक्षा ग्रहण करने वाली छात्राएं मजबूरन मकान किराए पर लेकर गुजारा करती हैं। इधर डिग्री कॉलेज के पीछे में स्थित नवनिर्मित 100 सीटर कन्या छात्रावास खंडहर में तब्दील हो गया है, जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। ऐसे में इस साल भी छात्राओं को किराए के मकान में ही रह कर भविष्य गढ़ना होगा।

दरअसल किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ का सबसे बड़ा व अग्रणी कॉलेज है। यहां दूर-दराज से लेकर अन्य जिलों की छात्राएं भी शिक्षा ग्रहण करने आती हैं। करीब साढ़े तीन साल पहले पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कॉलेज के पीछे 100 सीटर कन्या छात्रावास का निर्माण किया गया है। ताकि बाहर से आने वाली छात्राओं को इसका लाभ मिल सके, लेकिन छात्रावास बनने के बाद भी यह अब तक अधूरा है। इसका कारण यह है कि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा यहां का काम लगभग पूरा कर लिया गया था, लेकिन देखरेख के अभाव में यह स्थान चोरों का प्रमुख अड्डा बन गया। एक-एक करके चोर दर्जनों खिड़कियां और दरवाजों को तोड़ कर ले गए। इतना ही नहीं जगह-जगह हुए विद्युत वायरिंग को भी तोडफोड़ कर चोर वायर को भी ले गए हैं। वर्तमान में यहां धूल डस्ट से फर्स काले पड़ गए हैं और सिर्फ दीवार ही नजर आ रहे हैं। जिससे यह छात्रावास भवन शुरू होने से पहले ही खंडहर में तब्दील हो गया है। कॉलेज प्रबंधन की मानें तो पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा आधे-अधूरे भवन को उन्हें हैंडओवर किया जा रहा था, जिसे प्रबंधन ने लेने से मना कर दिया। इसके बाद इस दिशा में किसी भी अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने पहल नहीं की।

#### नहीं हो रही कोई सुनवाई : प्राचार्या

इस संबंध में डिग्री कॉलेज की प्राचार्या मनोरमा पांडेय से बात की गई तो उन्होंने कहा कि 100 सीटर कन्या छात्रावास पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो गया है, बिना अप टू डेट किए हम कैसे उक्त जर्जर भवन को हैंडओवर में ले सकते हैं। पूर्व में अपने कॉलेज में जब इंटरनेशनल सेमीनार का आयोजन हुआ था तब तत्कालीन कलेक्टर कार्तिकेय गोयल सर कार्यक्रम में शामिल होने आए थे, जिनसे मैनें निवेदन किया था कि हॉस्टल को सुधार करके यदि कॉलेज हो हैंडओवर हो जाता तो ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली छात्राओं को सुविधा होगी। क्योंकि उन्हें किराए का मकान लेकर रहना पड़ता है, तब सर ने हमें देखते हैं कह कर आश्वासन दिया था। हमारा हमेशा प्रयास रहा है कि हॉस्टल हमें मिल जाए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उक्त छात्रावास की खिड़कियां, दरवाजे, वायरिंग के सामान सब चोरी हो गए हैं, यहां दीवार के अलावा कुछ भी नहीं है।

#### शासन-प्रशासन को नहीं कोई वास्ता

बताया जा रहा है कि यह छात्रावास हर वर्ग की छात्राओं के लिए है। दूर-दराज से रायगढ़ शिक्षा ग्रहण करने आने वाली छात्राएं या तो अपने जान-परिचित, रिश्तेदारों के घर में रहती हैं या फिर कहीं किराए पर रह कर गुजारा करती हैं। जिससे उन्हें आर्थिक व मानसिक परेशानियों से जूझना पड़ता है। मेधावी छात्राओं को रहने में परेशानी होने से उनकी पढ़ाई भी प्रभावित होती है। अगर यह छात्रावास पूरी तरह तैयार हो जाए तो 100 छात्राओं को रहने के लिए काफी सुविधा मिलेगी। इससे छात्राओं को काफी उम्मीद भी है पर शासन-प्रशासन व उच्च शिक्षा विभाग इस ओर ध्यान गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

#### अब फिर से फण्ड की पड़ेगी जरुरत

शासन से पहले जो फंड मिला था उतने में ही पीडब्ल्यूडी विभाग ने छात्रावास भवन बना दिया था। वहीं अब भवन खंडहर में तब्दील हो गया है तो इसे फिर से मरम्मत करने की जरूरत है। इसके लिए दोबारा फंड की आवश्यकता पड़ेगी। फंड की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी डिग्री कॉलेज प्रबंधन की है, लेकिन कॉलेज प्रबंधन इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहा है। इस तरह सभी अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे हैं और इसका खामियाजा छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है।



# छट्ठी कार्यक्रम में विवाद युवक ने की वृद्ध की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया क्षेत्र के ग्राम तुरेकेला में छट्ठी कार्यक्रम के दौरान मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। कार्यक्रम में शामिल अर्जुन खड़िया नामक युवक ने 65 वर्षीय केन्दाराम खड़िया की तलवार से हमला कर हत्या कर दी। इसके बाद खरसिया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त तलवार को जप्त कर लिया है। वहीं उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

- खरसिया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या और आर्म्स एक्ट में भेजा जेल

मामले की जानकारी देते हुए मृतक की बेटी सुकवारा बाई खड़िया ने थाना खरसिया में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि 3 जुलाई को उनके घर के पास संपत खड़िया के यहां छट्ठी कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें गांव के कई लोग शामिल थे। उसी दौरान रात करीब सात बजे अर्जुन खड़िया और जगन्नाथ खड़िया के बीच हंसी मजाक में विवाद हो गया। कार्यक्रम में उपस्थित केन्दाराम खड़िया सहित जवाहर खड़िया, जीवन खड़िया, बुटीलाल और रामकुमार ने दोनों को समझाइश देकर मामला शांत कराया, लेकिन अर्जुन खड़िया गुस्से में वहां से चला गया। कुछ देर बाद अर्जुन तलवार लेकर वापस लौटा और कार्यक्रम में मौजूद लोगों को डराने-धमकाने लगा। केन्दाराम ने उसे फिर समझाया, लेकिन अर्जुन नहीं माना। थोड़ी देर बाद जब केन्दाराम लघुशंका करने बाहर निकला तभी अर्जुन ने पीछे से उस पर तलवार से वार कर दिया, जिससे मौके पर ही केन्दाराम की मौत हो गई। घटना के बाद अर्जुन तलवार लेकर फरार हो गया। हत्या के इस मामले में थाना खरसिया में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने आरोपी अर्जुन खड़िया को पकड़ने में सफलता पाई। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तलवार भी बरामद कर लिया है। आरोपी अर्जुन सिंह खड़िया निवासी तुरेकेला खडियापारा को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# शालाओं और छात्रावासों में अनुपस्थित बच्चों की उपस्थिति करवाएं सुनिश्चित : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी शनिवार को घरघोड़ा विकासखंड के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी इस दौरान साथ रहे।

- बहिरकेला में नवनिर्मित पीएचसी भवन में विद्युत कनेक्शन का काम जल्द पूर्ण करने के निर्देश

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बहिरकेला गांव में निर्माणाधीन पीएचसी भवन का निरीक्षण किया और निर्माण एजेंसीज से कार्य पूर्णता के बारे में अपडेट लिया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सिविल वर्क और इलेक्ट्रिक फिटिंग का काम पूरा किया जा चुका है। बिजली कनेक्शन लगवाया जाना शेष है, कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बिजली आपूर्ति की प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश बिजली विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी बरौनाकुंडा में ऑयल पॉम प्लांटेशन कर रहे किसानों से मिलने पहुंचे। उन्होंने यहां प्लांटेशन के रकबे के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि 6 किसान 20 एकड़ जमीन में ऑयल पॉम लगा रहे हैं। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को किसानों को विभागीय योजनाओं के द्वारा दिए जाने वाले सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने घरघोड़ा में पीएम आवास का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने आवास का काम जल्द पूरा करवाने तथा आवास के लिए शौचालय की स्वीकृति दिए जाने के साथ ही शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी दिए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने प्री.मेट्रिक बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई.लिखाई और छात्रावास में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान हॉस्टल में बच्चों की उपस्थिति के बारे में भी पूछा। कुछ बच्चे जिन्होंने छात्रावास में प्रवेश लिया हैए किन्तु अभी तक शिफ्ट नहीं होने की जानकारी मिली। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने तत्काल सहायक आयुक्त ट्राइबल और जिला शिक्षाधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में सभी स्कूल और छात्रावास में प्रवेश लिए बच्चे स्कूल आना और छात्रावासों में शिफ्ट हों यह सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने के साथ-साथ खेल गतिविधियों से भी जुडने की सलाह दी और उनके पसंदीदा खेल के बारे में पूछा। बच्चों ने बताया कि क्रिकेट खेलना पसंद है, इस पर कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बच्चों को क्रिकेट किट और खेल सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने छर्राटांगर में मनरेगा के तहत किए जा रहे ब्लॉक प्लांटेशन का जायजा लिया और पौधरोपण किया। यहां दशहरी आम के पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से प्लांटेशन के बारे में जानकारी ली। एसडीएम घरघोड़ा रमेश कुमार मोर, सीईओ जनपद विनय चौधरी, नायब तहसीलदार पैकरा, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी गिरिजा सिदार, बीएमओ पैकरा, एसडीओ आरईएस कमलेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युवक संघ ने रामनिवास चौक पर लगाए आधुनिक कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला पुलिस रायगढ़ द्वारा जुलाई माह में विशेष सीसीटीवी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत व्यापारियों और आम नागरिकों को अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा कम से कम एक कैमरे का फोकस मुख्य मार्ग पर रखने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। शहर में सुरक्षा जागरूकता लगातार बढ़ रही है और आमजन के साथ ही शहर के जागरूक नागरिक भी पुलिस की इस पहल में सहभागिता निभा रहे हैं। इसी कड़ी में आज एमआईसी सदस्य एवं युवक संघ रायगढ़ के सक्रिय सदस्य सुरेश गोयल द्वारा युवक संघ के माध्यम से शहर के व्यस्ततम रामनिवास चौक पर चार आधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनका कवरेज चौक के चारों दिशाओं में रहेगा। श्री गोयल ने बताया कि रामनिवास चौक पर पूर्व में लगे कैमरे तकनीकी रूप से पुराने हो चुके थे। कल पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा विशेष सीसीटीवी जागरूकता अभियान की जानकारी दिए जाने के बाद उन्होंने इस चौक पर नए कैमरे लगाने की पहल की।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

### सरिया में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया उत्सव

# बाहुड़ा यात्रा में महाप्रभु के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

बाहुडा यात्रा के अवसर पर महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम से निकल गई। इस दौरान भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े । बाहुडा यात्रा भगवान जगन्नाथ एउनके बड़े भाई बलभद्र व उनकी बहन सुभद्रा की मौसी घर मौसी मंदिर से मुख्य जगन्नाथ मंदिर में वापसी का प्रतीक है।

वार्षिक रथ यात्रा के 9 दिन बाद देवताओं की वापसी का यह उत्सव सरिया में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया श्रद्धालु जन भक्ति भाव से रथ को खींचकर रहे थे। बाहुडा यात्रा के दौरान रथ में देवताओं की झलक देखने से बहुत शुभ माना जाता है। बाहुडा यात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौसी मंदिर पहुंचे। सुबह से ही यात्रा के लिए विधि विधान से पूजा पाठ प्रारंभ हुई। पहंडी बीज की अनुष्ठान के बाद महाप्रभु जगन्नाथ नंदी घोष रथ में विराजमान हुए। इस दौरान चारों ओर हरि बोल व जय जगन्नाथ की ध्वनि गुंज रही थी। भगवान का पहंडी बीज के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के ऊपर पुष्प वर्षा करते हुए सात बार परिक्रमा कराने के बाद रथारूढ किया गया और कीर्तन भजन एवं घंटियों की धुन के बीच महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्र एदेवी सुभद्रा का रथ गांधी चौक मेला स्थल लाया गया।

तत्पश्चात यहां श्रद्धालुओं दर्शन हेतु रखा गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से महाप्रभु जगन्नाथ की पूजा पाठ के बाद बाद भगवान को श्री मंदिर पहुंचाया गया। पवित्र बाहुडा यात्रा के दौरान गजपति राजा से सम्मान ग्राम गौटिया मिनकेतन प्रधान का सम्मान फूलमाला पहनकर व वस्त्र भेंट कर नगर के प्रथम नागरिक कमलेश अग्रवाल के द्वारा सम्मान किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल एवं ग्राम गौटिया मिनकेतन प्रधान के मुख्य आतिथ्य में बाहुडा यात्रा धूमधाम से संपन्न हुआ। इस बार भी महिला श्रद्धालुओं की भीड उमडी।

**खबर संक्षेप**

## भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**हसौद।** सेवा सहकारी समिति मर्या. देवरघटा में 5 जुलाई को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सेवा सहकारी समिति परिसर में फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। पौधारोपण की शुरुआत भाजपा के वरिष्ठ नेता संपूर्णानंद मिश्रा और हसौद भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुहन यादव ने की। दोनों नेताओं ने पर्यावरण को स्वच्छ, सुरक्षित और संतुलित बनाए रखने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि भविष्य के लिए एक सतत ज़िम्मेदारी है, जिसे हमें मिलकर निभाना होगा। इस अवसर पर देवरघटा ग्राम पंचायत के सरपंच कैलाश दिवाकर, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष देवलाल कश्यप, पूर्व सरपंच प्रफुल्ल आज़ाद, जागेश्वर चंद्रा, ओगेंद्र गोस्वामी, अभिषेक कश्यप, देशमुख शुक्ला समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण जन, कार्यकर्ता और सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न किस्मों के आम, नीम, करंज, पीपल, आंवला और अन्य छायादार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही यह भी तय किया गया कि इन पौधों की नियमित देखभाल समिति और ग्रामवासियों की संयुक्त ज़िम्मेदारी होगी। भाजपा नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि आने वाली पीढ़ी को यदि शुद्ध जल, वायु और स्वच्छ पर्यावरण देना है तो हमें अवश्य ही वृक्षारोपण करना होगा। उन्होंने आमजनों से भी अपील की कि वे जन्मदिन, विवाह या किसी विशेष अवसर पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं।

## घरेलू हिंसा संरक्षण अधिकारी पद के लिए दावा आपत्ति 8 तक

**सक्ती।** महिला एवं बाल विकास विभाग जिला सक्ती द्वारा मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र डीएचईडब्लू के 8 पद एवं घरेलु हिंसा संरक्षण अधिकारी नवा बिहान के 01 पद के लिए दावा आपत्ति हेतु सूची जिला प्रशासन सक्ती के वेब साईट पर जारी की गई है। आवेदक 8 जुलाई तक प्रमाण सहित दावा आपत्ति महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय में कर सकते हैं। इन पदों पर चयन हेतु दस्तावेज सत्यापन, लिखित, कौशल परीक्षा, साक्षात्कार 11,12,14 जुलाई को संभावित है। दस्तावेज सत्यापन हेतु सभी मूल प्रमाणपत्र, अनुभव के समर्थन में प्राप्त वेतन के प्रमाण स्वरूप बैंक स्टेटमेंट, पे स्लिप वाउचर, पास बुक की छायाप्रति मूल प्रति के साथ प्रस्तुत करना होगा। इसके अभाव में आवेदक को अपात्र किया जाएगा।

## स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने का लें संकल्प : दुबे

**बिर्रा।** स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया गया। प्रभारी प्रधानपाठक उमेश कुमार दुबे ने बताया कि विवेकानंद महान संत, विचारक और आध्यात्मिक गुरु थे। उन्होंने भारत के प्राचीन दर्शन को विश्व मंच पर स्थापित किया। उनका जीवन और शिक्षाएं आज भी लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। स्वामी विवेकानंद का विश्वास था कि प्रत्येक आत्मा में ईश्वरीय शक्ति निहित है,और इस शक्ति को जागृत करना ही मानव जीवन का उद्देश्य है। उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो – यह उनका वह मंत्र है, जो हमें आत्मविश्वास और कर्मठता की ओर प्रेरित करता है। स्वामी विवेकानंद ने वेदांत दर्शन को सरलता से समझाया और बताया कि सच्चा आध्यात्म जीवन से पलायन नहीं, बल्कि जीवन को पूर्णता के साथ जीने की कला है। उनकी नजर में, धर्म का सार सेवा और प्रेम में निहित है। उन्होंने कहा था जो तुम्हें कमजोर बनाए, वह धर्म नहीं, जो तुम्हें शक्ति दे,वही धर्म है। उनका जीवन एक तपस्वी और एक कर्मयोगी का अनुपम संगम था। शिकागो के विश्व धर्म संसद में उनके ऐतिहासिक भाषण ने पश्चिम को भारतीय आध्यात्मिकता का दर्शन कराया।

### शाला विकास एवं प्रबंध समिति के अध्यक्षों के कार्यशाला सह-प्रशिक्षण आयोजित

# शिक्षा की मशाल को समाज के अंतिम छोर तक ले जाकर करना है प्रज्जवलित : चंदेल



कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल।



उपस्थित शाला विकास एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला पंचायत के आडिटोरियम में शाला विकास एवं प्रबंध समिती के अध्यक्षों की कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार 5 जुलाई को किया गया। कार्यशाला में शिक्षकों के कार्य एवं दायित्वों के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुये छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल ने कहा कि हम सभी लोगों को मिलकर शिक्षा के मशाल को समाज के अंतिम छोर तक ले जाकर प्रज्ज्वलीत करना है। उन्होंने कार्यशाला सह-प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित शाला विकास एवं प्रबंध समिति के अध्यक्षों को उनके कर्तव्य व कार्य का बोध कराते हुये कहा कि हम सभी लोग बहुत जिम्मेदार लोग है गांव हो या नगर वहां के विद्यालयों को विद्या मंदिर के रूप में परिवर्तित करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्ग के लोगों का सहयोग आवश्यक है। विद्यालय छोटा हो या बड़ा वहां मूलभूत आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से हो यह शाला विकास एवं प्रबंध समिति के अध्यक्षों का दायित्व है। मूलभूत सुविधाओं के साथ शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान देते हुये हमारे गांव व नगर के पढ़ने वाले विद्यार्थीयों को हम कैसे समाज का जिम्मेदार नागरिक बना सके, उनके प्रतिभा को निखार सके इन सभी बातो पर हम सब लोगों को हर समय सजग रहने की आवश्यकता है। श्री चंदेल ने कहा कि शाला के प्रबंधन के साथ हमें समय-समय में बैठकर, शाला का निरीक्षण कर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व विभाग के उच्च अधिकारियों से सत्त संपर्क कर सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने का भी दायित्व हम सभी का है। हमारा स्कूल परिसर हरा-भरा रहे, वातावरण अच्छा रहे इस तरफ भी हम लोगों को आवश्यक रूप से ध्यान देना होगा। स्कूल परिसर में खेल का मैदान सहित छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास का भी आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो ताकि हमारा विद्यालय सिर्फ विद्यालय न होकर विद्या के मंदिर के रूप में स्थापित हो। श्री चंदेल ने शाला विकास एवं प्रबंध समिति के अध्यक्षों के दायित्व व कर्तव्यबोध का विस्तार से जानकारी दी। भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े ने भी इस पर अपने विचार प्रगट किये तथा उन्होंने भी सभी शालाओं में शिक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर शिक्षक ट्रेनरों ने अलग-अलग विषयों पर मागदर्शन दिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, इंजी. रवि पाण्डेय, इंजी. आनंद मिरी, विवेका गोपाल, प्रदीप सराफ, अमर सुल्तानिया, हितेश यादव, शैलेन्द्र पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भाराद्वाज सहित बड़ी संख्या में निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण, शाला विकास एवं प्रबंध समिति के अध्यक्षगण, अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। यह कार्यक्रम जिला पंचायत के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किया गया।



बच्चों से चर्चा करते विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह।

## विधायक ने सेजेस का किया भ्रमण बच्चों से की वन-टू-वन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने शनिवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय-अकलतरा का भ्रमण किया। विधायक ने बच्चों से वन-टू-वन चर्चा कर उनकी बातों को गंभीरता से सुना व बच्चों से पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता एवं विगत सत्र के परीक्षा परिणाम की जानकारी ली। संस्था के प्राचार्य ने विधायक को बताया कि शाला का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा। 10वीं बोर्ड परीक्षा में एक छात्रा एक-दो अंको से टॉप-10 सूची में आने से चूक गई। विधायक ने उत्साह वर्धन कराते हुवे निराश न होने की बात कही। टॉप-10 में स्थान बनाने वाले बच्चों को लैपटाप पीसी प्रदान करने कि घोषणा की। उन्होंने बच्चों एवं शिक्षकों को नए शिक्षा सत्र के लिए बधाई एवं शुभकामनायें दी।

- पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता एवं विगत सत्र के परीक्षा परिणाम की ली जानकारी

### बच्चों के शुद्ध पेयजल के लिए दिया वाटर कूलर

विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह कुछ माह पूर्व एक कार्यक्रम के लिए स्कूल गए थे, तब बच्चों एवं प्रबंधन ने शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं होने व बच्चों को दिक्क़त होने की बात कही थी, तब विधायक ने बच्चों से वादा किया था कि वह शीघ्र ही इसका प्रबंध करेंगे। अपना वादा पूरा करते आज एक नग वाटर कूलर विद्यालय को भेंट किया। वाटर कूलर के लग जाने से अब बच्चों को पेयजल की दिक्क़त नहीं होगी।



## किसान जवान संविधान सभा की तैयारी को लेकर कांग्रेसियों की हुई बैठक

**जांजगीर चांपा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मुख्य आतिथ्य में 7 जुलाई को सुबह 11 बजे से राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में होने वाले किसान जवान संविधान सभा को सफल बनाने के परिप्रेक्ष्य को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कमेटी के द्वारा नियुक्त प्रभारी आशीष सिंह ठाकुर ने जिले के विधायक/पूर्व विधायक गणों, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, संगठन के जिला पदाधिकारी व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक लिया। उक्त कार्यक्रम में कांग्रेसजनो से अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति देकर भागीदारी निभाने के लिए राघवेन्द्र कुमार सिंह कांग्रेस जिलाध्यक्ष व विधायक अकलतरा, रमेश पैगवार कार्यकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष , ब्यास कश्यप विधायक जांजगीर चांपा, श्रीमती शेषराज हरबंश विधायक पामगढ़, बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर सहित वरिष्ठ नेताओं द्वारा संयुक्त रूप से अपील किए हैं।

## शिक्षण-प्रशिक्षण प्रक्रिया में नवाचारों के समावेश करने दिए गए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

विकासखण्ड में शिक्षा व्यवस्था को सशक्त और ज़मीनी स्तर पर क्रियाशील बनाने की दिशा में आज एक अहम कदम उठाया गया। बीईओ मोहन कौशिक और बीआरसी दुष्यंत दुष्यंत कुमार भर्तृहरि के नेतृत्व में संकुल समन्वयकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बीआरसी परिसर में किया गया, जिसमें अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन का सहयोग प्राप्त हुआ।

- पामगढ़ विकासखण्ड में संकुल समन्वयकों का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



कार्यशाला में उपस्थित संकुल समन्वयक।

कार्यशाला में कुल 34 में से 30 संकुल समन्वयकों ने सक्रिय सहभागिता की। इसका उद्देश्य संकुल समन्वयकों को उनके अकादमिक दायित्वों, स्कूलों व शिक्षकों के साथ समन्वय, तथा शिक्षण-प्रशिक्षण प्रक्रिया में नवाचारों के समावेश के लिए तैयार करना था। कार्यशाला में एफएलएन के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए पढ़ने का कोना, गणित कोना, प्रिंट रिच वातावरण, बालसभा, बाल शोध मेला, पुस्तकालय और दीवार पत्रिका जैसे अभिनव विचारों पर विचार-विमर्श हुआ। संकुल समन्वयकों को प्रक्रिया आधारित क्लस्टर विकास योजना तैयार करने, बच्चों के सीखने की प्रगति को मापने योग्य बिंदुओं के आधार पर समझने, और शिक्षकों के साथ बेहतर शैक्षणिक संवाद कायम करने की दिशा में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दौरान एनईपी 2020 के परिप्रेक्ष्य में बुनियादी साक्षरता व संख्या ज्ञान की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए सभी समन्वयकों ने अपने संकुल क्षेत्र में बदलाव लाने हेतु प्रतिबद्धता दिखाई।

## लायंस स्कूल में विद्यार्थियों को हुआ गणवेश का वितरण

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 में शिक्षा के अधिकार के तहत शुक्रवार 4 जुलाई को शाला में अध्ययनरत विद्यार्थियों को गणवेश का वितरण किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन ने कहा कि स्कूल प्रबंधन यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को शिक्षा के अधिकार के तहत समस्त सुविधाएं प्रदान करने को संकल्पित है। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी एवं प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है। इस मौके पर विद्यार्थियों को शिक्षा के अधिकार के तहत गणवेश का वितरण किया गया। इस दौरान लायंस क्लब के सदस्य लायन नंदकुमार देवांगन भी मौजूद थे।



## शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

इमाम हुसैन की याद में मनाया जाने वाला मुसलमानों का प्रमुख पर्व मोहर्रम को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं मुस्लिम समाज के प्रमुख लोग शामिल हुए। बैठक में रविवार 6 जुलाई को पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर चर्चा हुई।

- मोहर्रम को लेकर थाना में हुई शांति समिति की बैठक

बैठक में मुस्लिम समाज की ओर से फैजुल्ला खान, मिरु खान, मोहम्मद्दीन खान, पूर्व पंच रज्जाक खान, रहमत अली, आजम खान, मस्जिद के मुअज्जम समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। पंचायत की ओर से सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार पटेल ने भी बैठक में भाग लिया।थाना प्रभारी समेत पूरे थाना स्टाफ ने समुदाय के लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि मोहर्रम के दौरान प्रशासन पूर्ण रूप से सतर्क रहेगा और किसी भी प्रकार की अफवाह या शांति भंग करने वाली गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। मौके पर उपस्थित लोगों ने भी प्रशासन को आश्वस्त किया कि मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा और किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होने दी जाएगी। बैठक में प्रशासन और समाज के बीच सामंजस्यपूर्ण संवाद की झलक देखने को मिली।



बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं समाज के लोग से चर्चा करते पुलिस अधिकारी।

## सेवा सहकारी समिति बरपालीकला में लगाए गए फलदार व छायादार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सेवा सहकारी समिति बरपाली कला में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत धान खरीदी केन्द्र में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित कया गया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, जिला सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक सक्ती शैलेन्द्र तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष पहलवान दास महंत, महामंत्री विजय जायसवाल, प्रमोद गबेल, सेवा सहकारी समिति बरपाली कलां के प्रबंधक रूपेंद्र जायसवाल, स्कूल के प्राचार्य फिरित राम कंवर, सरपंच प्रतिनिधि सुरेश अग्रवाल, जनपद सदस्य दिल साय कंवर, किसान रोहित जायसवाल, बुधराम त्रिभुवन, एवं समिति के आपरेटर मनीष, रूप नारायण राठौर की उपस्थिति में 50 पौधे लगवाया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष सभी बच्चों से कहा कि पौधरोपण के साथ उसकी देखभाल जरुरी है। पर्यावरण इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने वृक्षारोपण में अपना योगदान दिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।









